दिन—बुधवार | दिनांक— 09 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। | अवधि — 15 मिनट

---

01. बेगूसराय, मधुबनी, समस्तीपुर और दरभंगा जिले में वज्रपात की घटना में चौदह लोगों की मौत, कई अन्य घायल। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के आश्रित को तत्काल चार—चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा — वक्फ कानून का लागू होना सामाजिक न्याय की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

03. भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर घटाकर छह प्रतिशत की। होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन होंगे सस्ते, ईएमआई में आ सकती है कमी।

04. और, भारत में प्रवेश के लिए अब नेपाली नागरिकों को दिखाना होगा वैध फोटो पहचान पत्र। एसएसबी ने जारी किया दिशा—निर्देश।

---

बेगूसराय, मधुबनी, समस्तीपुर और दरभंगा जिले में वज्रपात की घटना में चौदह लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य घायल हो गए। बेगूसराय जिले में सबसे अधिक पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य घायल हो गए। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

जिले के बलिया थाना क्षेत्र के भगतपुर गांव में खेत में काम करने के दौरान बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गयी, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयीं। वहीं, साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के मोहनपुर बहियार में एक साठ वर्षीय महिला की ठनका की चपेट में आने से मौत हुयी है। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोला बहियार में एक किसान की मौत हो गयी। दूसरी तरफ, मटिहानी थाना क्षेत्र के सिंहमा गांव में एक वृद्ध की, जबकि भगवानपुर थाना क्षेत्र के मानोपुर गांव में एक किशोरी की मौत हो गयी। मानोपुर में तीन महिलाएं घायल हो गयीं, जिनका ईलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

इधर, दरभंगा जिले के अलग—अलग थाना क्षेत्रों में चार लोगों की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गयी। मधुबनी जिले के रूद्रपुर थाना के अलपुरा और अररिया संग्राम थाना क्षेत्र के पिपरौलिया गांव में वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। दूसरी तरफ, समस्तीपुर जिले के हसनपुर और बिथान प्रखंड में दो लोगों की मौत की खबर है। नवादा जिले के वारिसलीगंज में वज्रपात की चपेट में आने से चार व्यक्ति झुलस गए। मुंगेर जिले के खड़गपुर के तेघड़ा गांव में भी एक व्यक्ति के झुलसने की खबर है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात की घटना में मरने वाले लोंगों के परिजनों प्रति गहरी संवेदना जताई है। उन्होंने मृतकों के परिजन को तत्काल चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम में सतकर्ता बरतने और घर में रहने की अपील की है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तरी हिस्सों के अधिकांश स्थानों पर देर रात से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवा चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद से वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार पच्चीस पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुस्लिमों सहित सभी समुदायों की हित–रक्षा में इस विधेयक को पारित करने के लिए संसद को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब वक्फ की शुचिता संरक्षित रहेगी और वंचित वर्गों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा होगी। प्रधानमंत्री नई दिल्ली में एक निजी मीडिया हाउस के अयोजन को संबोधित कर रहे थे।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि वक्फ कानून को लेकर जारी वाद–विवाद तुष्टीकरण की राजनीति का परिणाम है।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि नये कानून से वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन होगा और इससे मुस्लिम समाज के हाशिये के लोग काफी लाभान्वित होंगे।

————बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा है कि संशोधित वक्फ कानून को लेकर हो रहे विवाद का कोई औचित्य नहीं है। आज पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे संस्था और मजबूत हुयी है।

———बाइट———

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी वक्फ कानून का विरोध करती है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि इस कानून को लेकर अब जदयू के अंदर भी बगावत शुरू हो गयी है।

———बाइट———

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में पच्चीस आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर छह प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष में लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। आज मुम्बई में आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि छह सदस्यों की मौद्रिक समिति ने इस वित्त वर्ष की पहली बैठक में सर्व–सम्मति से रेपो दर कम करने का फैसला किया। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

———रिपोर्ट———

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज कहा कि वैश्विक व्यापार से जुडी अनिश्चितताओं के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, विकास की संभावित दर को 6 दशमलव 7 से घटाकर 6 दशमलव 5 प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि, भारत के कृषि क्षेत्र की विकास संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं, मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र में भी सक्रियता दिखाई दे रही है तथा सर्विसेज क्षेत्र में भी मजबूती देखी जा रही है। तेज़ी से बदलती व्यापर स्थितयों के चलते, एमपीसी ने आज अपने रुख को न्यूट्रल से बदलकर एकोमोडेटिव कर दिया। आगे बढ़ते हुए, गवर्नर ने कहा कि भविष्य में किसी भी झटके की अनुपस्थिति में, एमपीसी केवल दो विकल्पों पर ही विचार करेगी – यथास्थिति या दर में कटौती। निशा रानी के साथ मैं अंकिता आपटे, आकाशवाणी समाचार, मुंबई।

रेपो दर में कमी से होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन पर ब्याज दरें कम होने की संभावना है। इससे ईएमआई में कमी आ सकती है। इसके अलावा रेपो रेट में कमी होने से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का अनुमान है।

---

एसएसबी ने भारत–नेपाल सीमा पर आवाजाही को लेकर नये दिशा–निर्देश जारी किये हैं। अब नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले सभी नागरिकों को अपनी पहचान प्रमाणित करना अनिवार्य कर दिया गया है। नेपाली नागरिकों को भारत में प्रवेश के लिए नागरिकता प्रमाण पत्र, नेपाली मिशन द्वारा जारी वैध फोटो पहचान पत्र या नेपाली मतदाता पहचान पत्र दिखाना होगा। वहीं, भारत से नेपाल की सीमा में प्रवेश करने वाले

नागरिकों को भी अपने पहचान की पुष्टि करनी होगी। अवैध घूसपैठ को रोकने के लिए नई व्यवस्था लागू की गयी है।

———————————————————

केंद्र सरकार ने धन शोधन मामले में पटना के बेऊर जेल में बंद आईएएस अधिकारी संजीव हंस के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। सरकार की मंजूरी के बाद अब उनके केस का ट्रायल शुरू होगा। संजीव हंस के खिलाफ भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति का मामला चल रहा है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने संजीव हंस को पिछले वर्ष अठारह अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ विशेष निगरानी इकाई ने भी आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर रखा है।

———————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने पटना में गंगा नदी के किनारे हो रहे अतिक्रमण को लेकर केंद्र सरकार और बिहार सरकार को जवाब तलब किया है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने इस संबंध में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाना आवश्यक है।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि ग्राम कचहरी दस हजार रूपये तक के वित्तीय दावे और विभाजन मामलों की सुनवाई करने के लिए ही अधिकृत है। न्यायमूर्ति राजेश कुमार वर्मा की पीठ ने विभिन्न ग्राम कचहरी द्वारा दिये गए आदेशों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि पंचायतीराज अधिनियम– दो हजार छह की धारा–एक सौ ग्यारह ग्राम कचहरियों को शीर्षक और स्वामित्व से जुड़े विवादों के निपटारे के लिए अधिकृत नहीं करती है।

———————————————————

बिहार कर्मचारी चयन आयोग की इंटर स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा दस जुलाई, ग्यारह जुलाई, बारह जुलाई और तेरह जुलाई को दो पालियों में प्रस्तावित है। शिक्षा विभाग ने चयनित केंद्रों पर परीक्षा के आयोजन की सहमति प्रदान कर दी है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने आयोग को पत्र निर्गत किया है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने कहा है कि एकीकृत सत्तरवीं संयुक्त मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के लिए उम्मीदवार बारह अप्रैल से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन पच्चीस अप्रैल से तीस अप्रैल के बीच होना है।

---

भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर पच्चीस अप्रैल कर दी है। पहले अंतिम तिथि दस अप्रैल निर्धारित थी।

---

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेला नौबाद पुल के पास एक यात्री बस और ट्रक के बीच आमने–सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में दस से अधिक लोग घायल हो गए।

---

सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के जहरी पकड़ी गांव में सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भी आक्रोशित लोगों ने पथराव कर दिया। घटना स्थल पर तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।

---

गया जिले के छकरबंधा थाना क्षेत्र से एसटीएफ की टीम ने कुख्यात नक्सली परीक्षा भुईयां को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली की कई मामले में पुलिस को तलाश थी।

---

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र अंतर्गत सनहा नया टोला स्थित एक बागीचा से पुलिस ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी पिस्तौल, दो कारतूस और तीन मोबाईल फोन समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बेगूसराय, मधुबनी, समस्तीपुर और दरभंगा जिले में वज्रपात की घटना में चौदह लोगों की मौत, कई अन्य घायल। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के आश्रित को तत्काल चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – वक्फ कानून का लागू होना सामाजिक न्याय की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

03. भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर घटाकर छह प्रतिशत की। होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन होंगे सस्ते, ईएमआई में आ सकती है कमी।

04. और, भारत में प्रवेश के लिए अब नेपाली नागरिकों को दिखाना होगा वैध फोटो पहचान पत्र। एसएसबी ने जारी किया दिशा–निर्देश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।